**छत्तीसगढ़ शासन**
**पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग**
**:: मंत्रालय ::**
**महानदी भवन, नया रायपुर**

**क्र. 240/अमुस/पंग्राविवि/2018** **नया रायपुर, दिनांक 16/07/2018**

प्रति,

**कलेक्टर,**
**समस्त जिला (छ.ग.)**

**विषयः–** **हमर छत्तीसगढ़ योजनांतर्गत भ्रमण पर आये प्रतिनिधियों के प्रत्यास्मरण सम्मेलन आयोजन हेतु।**

---00---

विषयान्तर्गत लेख है कि हमर छत्तीसगढ़ योजना 01 जुलाई 2016 से प्रारम्भ होकर सितम्बर 2018 तक संचालित होगी । योजनान्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायत राज प्रतिनिधि, सहकारी समितियों के सदस्य, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के महिला स्वसहायता समूह के लगभग 1.50 लाख पदाधिकारियों को अध्ययन भ्रमण कराया गया है। आगामी दिवसों में संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के लगभग 15 हजार प्रतिनिधियों को भ्रमण कराया जा रहा है। भ्रमण में आये हुए प्रतिनिधियों के योजना के संबंध में आगामी दिवसों में प्रत्यास्मरण हेतु जनपद स्तर एवं जिला स्तर पर कार्यशाला आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, जिसके अन्तर्गत निम्नानुसार कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है :–

1. 25 जुलाई से 25 अगस्त 2018 के मध्य सभी विकासखंडों के जनपद पंचायत संसाधन केन्द्र में पृथक–पृथक दिवसों में 02 कार्यशाला आयोजन किया जावे। प्रत्येक कार्यशाला में लगभग 500 प्रतिनिधियों को शामिल किया जाना है।
2. 16 अगस्त से 31 अगस्त 2018 के मध्य सभी 27 जिलों मे एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जावे। उक्त कार्यशाला में लगभग 1000 प्रतिनिधियों को शामिल किया जाना है।
3. कार्यशाला में हमर छत्तीसगढ़ योजना अन्तर्गत भ्रमण पर आये प्रतिनिधियों के साथ–साथ स्थानीय अन्य जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जा सकता है।
4. कार्यशाला में हमर छत्तीसगढ़ योजना की संक्षिप्त जानकारी, योजना का उद्देश्य, भ्रमण स्थल आदि की जानकारी लघु फिल्म और ब्रोशर के माध्यम से दिया जावे। साथ ही उपस्थित प्रतिनिधियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री महोदय का संदेश दिखाया जायेगा एवं उन्हें माननीय मुख्यमंत्री महोदय की ओर से संदेश पत्र का वितरण भी किया जावे।

5. योजनान्तर्गत भ्रमण पर आये हुए प्रतिनिधियों के भ्रमण के अनुभव तथा शासन के कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में नई दृष्टि के संबंध में अपने विचार कार्यशाला में रखे जावे।

6. कार्यशाला में ग्राम पंचायतों के विकास से संबंधित उत्कृष्ट कार्ययोजना प्रस्तुत करने वाले पंचायत प्रतिनिधियों को पुरस्कृत किया जावे।

उपरोक्त निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही से अवगत करावे।

**(आर.पी.मंडल)** 13/7/18
**अपर मुख्य सचिव**
छत्तीसगढ़ शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

**पृ. क्र. 2A1 /अमुस/पंग्राविवि/2018** **नया रायपुर, दिनांक 16 /07/2018**

1. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर।
2. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर।
3. समस्त संभागायुक्त छत्तीसगढ़ ।
3. संयुक्त सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, जनसंपर्क विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर।
4. संचालक, पंचायत संचालनालय, ब्लाक–दो, द्वितीय तल, कक्ष कमांक–36 (CIII) इन्द्रावती भवन, नया रायपुर।
5. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत............................................।

**अपर मुख्य सचिव** 13/7/18
छत्तीसगढ़ शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

# *हमर छत्तीसगढ़ योजना के प्रचार–प्रसार हेतु कार्ययोजना*

हमर छत्तीसगढ़ योजना 01 जुलाई 2016 से प्रारंभ की गयी है, जो सितबंर 2018 तक संचालित होगी। योजनांतर्गत त्रि–स्तरीय पंचायत राज के प्रतिनिधि, सहकारी समिति के सदस्य, राष्ट्रीय आजीविका मिशन (बिहान) के महिला स्व सहायता समूह के पदाधिकारियों को अध्ययन भ्रमण पर नया रायपुर लाया जा रहा है। योजनांतर्गत 30 जून 2018 तक 1,54,673 प्रतिनिधियों को भ्रमण कराया जा चुका है। 10 जुलाई 2018 से 30 सितंबर 2018 तक संयुक्त वन प्रबंधन समिति के लगभग 15000 पदाधिकारियों का अध्ययन भ्रमण प्रस्तावित है।

हमर छत्तीसगढ़ योजना के प्रचार–प्रसार हेतु अगस्त–सितंबर 2018 में जनपद, जिला एवं राज्य स्तर पर 01 दिवसीय कार्यशाला/सम्मेलन आयोजित किया जा सकता है। इन कार्यशालाओं में योजनांतर्गत भ्रमण पर आए हुए जन प्रतिनिधियों और स्व सहायता समूह की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए योजना की उपयोगिता और अनुभव स्थानीय जनता से साझा की जा सकती है। कार्यशालाओं को निम्नानुसार आयोजित किया जा सकता है :–

**1. जनपद स्तर पर : –**

1. हमर छत्तीसगढ़ योजना अंतर्गत भ्रमण पर आये हुए प्रतिनिधियों को राज्य के सभी 146 विकास खण्ड के जनपद पंचायत संसाधन केन्द्र में 25 जुलाई से 25 अगस्त 2018 के मध्य 02 कार्यशाला आयोजित कर आमंत्रित किया जावेगा। प्रत्येक कार्यशाला में 500 प्रतिनिधियों को शामिल किया जावेगा।

2. कार्यशाला में स्थानीय विधायक, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य को सम्मिलित कर चर्चा परिचर्चा की जावेगी। कार्यशाला में भ्रमण पर आये हुए प्रतिनिधियों के द्वारा योजनांतर्गत शासन की महत्वाकांक्षी/जनकल्याणकारी योजनाओं की प्राप्त जानकारी, अनुभवों को अपने ग्राम स्तर पर क्रियान्वित करने एवं वांछित परिवर्तन के संबंध में अनुभव साझा करेंगे, जिससे कार्यशाला में उपस्थित अन्य प्रतिनिधिगण प्रोत्साहित हो सकें।

3. कार्यशाला में हमर छत्तीसगढ़ योजना का उद्देश्य, योजना की संक्षिप्त जानकारी एवं प्रतिनिधियों के भ्रमण के संबंध में लघु फिल्म और ब्रोशर के माध्यम से जानकारी दी जावेगी। लघु फिल्म में जन प्रतिनिधियों के उत्कृष्ट कार्य एवं योजनांतर्गत प्राप्त अनुभव भी सम्मिलित होगी।

4. ग्राम पंचायतों के विकास में विशिष्ट योगदान देने वाले पंचायत प्रतिनिधियों को पुरस्कृत किया जावेगा।

**2. जिला स्तर पर :–**

1. हमर छत्तीसगढ़ योजनांतर्गत राज्य के समस्त 27 जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में 16 अगस्त से 31 अगस्त के मध्य आयोजित 01 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जावेगी। उक्त कार्यशाला में 500–1000 प्रतिनिधियों को सम्मिलित किया जावेगा।

2. कार्यशाला में ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, स्थानीय विधायक, सांसद तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित प्रतिनिधियों को शामिल किया जावेगा।

3. कार्यशाला में हमर छत्तीसगढ़ योजना का उद्देश्य, योजना की संक्षिप्त जानकारी एवं प्रतिनिधियों के भ्रमण के संबंध में लघु फिल्म और ब्रोशर के माध्यम से जानकारी दी जावेगी। लघु फिल्म में भ्रमण के दौरान विभिन्न जन प्रतिनिधियों के द्वारा अपने–अपने क्षेत्र में किये उत्कृष्ट कार्य एवं योजनांतर्गत प्राप्त अनुभव भी सम्मिलित होगी।

4. कार्यशाला में प्रोजेक्टर के माध्यम से पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों को मान. मुख्यमंत्री महोदय के संदेश का प्रदर्शन किया जावेगा।

**3. राज्य स्तर पर :–**

1. हमर छत्तीसगढ़ योजनांतर्गत 15 सितंबर से 29 सितंबर 2018 के मध्य राज्य स्तर पर 01 दिवसीय सम्मेलन इंडोर स्टेडियम, बूढ़ातालाब, रायपुर में आयोजित किया जावेगा।

2. सम्मेलन में मान. मुख्यमंत्री, मान. मंत्रीगण, सांसद, समस्त जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रत्येक जिले से 200–200 सरपंचों को शामिल होंगे। साथ ही प्रत्येक जिले से उत्कृष्ट कार्य करने वाले 50–50 चयनित प्रतिनिधिगण भी सम्मिलित होंगे। सम्मेलन में कुल 7000 प्रतिनिधि शामिल होंगे।

3. उक्त कार्यक्रम हमर छत्तीसगढ़ योजना से संबंधित फिल्म फोटोग्राफ्स तथा विगत 02 वर्षो के संस्मरण का प्रदर्शन किया जावेगा।

4. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित योजनाओं सहित स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रदर्शनी लगायी जावेगी।

**04. अन्य गतिविधियाँ : –**

**01.** हमर छत्तीसगढ़ योजनान्तर्गत भ्रमण पर आये हुये प्रतिनिधियों को माननीय मुख्यमंत्री की तरफ से धन्यवाद पत्र प्रेषित किया जा सकता है।

**02.** माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा त्रि–स्तरीय पंचायत राज के समस्त निर्वाचित प्रतिनिधियों के नाम संदेश पत्र जारी किया जा सकता है।

**03.** हमर छत्तीसगढ़ योजनान्तर्गत भ्रमण पर आये हुये प्रतिनिधियों के व्हाट्सअप नंबर पर हमर छत्तीसगढ़ योजना से जुड़ी एक–एक मिनट की वीडियो क्लिप प्रति सप्ताह भेजी जा सकती है।

**04.** छत्तीसगढ़ के दो प्रमुख क्षेत्रीय समाचार चैनलों पर हमर छत्तीसगढ़ योजना पर आधारित आधे–आधे घंटे का प्रायोजित कार्यक्रम प्रसारित किया जा सकता है।

**05.** संयुक्त वन प्रबंधन समितियों का अध्ययन भ्रमण प्रारंभ होने के बाद हमर छत्तीसगढ़ योजना के विज्ञापन का टी.व्ही चैनलों में प्रसारण किया जा सकता है।